# श्री गुजराती समाज बी. एड. महाविद्यालय, इंदौर

## प्रतिवेदन

### राष्ट्रीय एकता दिवस (सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती)

दिनांक 31 अक्टूबर 2025 को "लौह पुरुष' सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष में श्री गुजराती समाज इंदौर द्वारा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। समाज द्वारा यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के सम्मान में मनाया जाता है। देश की एकता अखंडता और भाईचारे के प्रति लोगों में जागरूकता लाने व सरदार पटेल के आदर्शों को स्मरण करने हेतु श्री गुजराती समाज इंदौर के नसिया रोड प्रांगण से सुबह 8:30 बजे पटेल प्रतिमा, छोटी ग्वालटोली चौराहे तक रैली आयोजित की गई। तत्पश्चात अध्यक्ष श्री दीपकभाई जे. सोनी, श्री पंकज भाई संघवी, श्री अतुल भाई सेठ, श्री गोविंद भाई पटेल व अन्य समाज के सदस्यगणों ने लौह पुरुष सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इस रैली में श्री गुजराती समाज इंदौर के अध्यक्ष व्यवस्थापक समिति और बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज़ के सदस्य, समाज की समस्त शैक्षणिक संस्थाओं के अध्यक्ष व प्राचार्य, समस्त टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ शामिल हुए।

इस इस कार्यक्रम से श्री गुजराती समाज बी. एड. महाविद्यालय द्वारा शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों को देशभक्ति एकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को प्रबल करने का संदेश दिया गया।





Keerti

कार्यक्रम प्रभारी

सहा. प्राध्यापक कीर्ति यादव

प्राचार्य

डॉ. किरण दम्मानी